Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop Chhokarwara to Bharatpur road in Rajasthan a four lane National highway- laid.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतपुर की सड़क छोकरवाडा से धौलपुर तक वाया भुसावर, बयाना, बंदबारेटा, वाड़ी, बसेड़ी की सड़क की ओर आकर्षित करना चाहती हूं ।

छोकरवाडा से बयाना होते हुए धौलपुर तक की इस सड़क की लम्बाई लगभग 105 किमी है । बयाना के बंसी पहाड़पुर में विश्व प्रसिद्ध लाल पत्थर की मण्डी है, यह लाल पत्थर पूरे देश की ऐतिहासिक इमारतों में लगा है एवं सौभाग्य से वर्तमान में भव्य राम मन्दिर के निर्माण में भी इस पत्थर का उपयोग हो रहा है । इस सड़क पर वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा है, जिससे इस सड़क की स्थिति बहुत खराब हो रही है तथा अनेक स्थानों पर इस सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण आमजन को इस सड़क पर जाम के साथ साथ बड़ी दुर्घटनाओं का सामना भी करना पड़ता है । मेरा माननीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि यदि इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर चार लेन का बना दिया जाए तो व्यापारियों के साथ-साथ आमजन को भी इससे काफी लाभ मिलेगा ।